भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *16
दिनांक 02 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

फार्मा एक्सपो

***16. श्री श्रीधर कोटागिरी:**

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान देश में भेषज क्षेत्र को समग्र रूप से बढ़ावा देने के लिए कोई भेषज प्रदर्शनी (फार्मा एक्सपो) आयोजित की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार का भविष्य में कोई भेषज प्रदर्शनी (फार्मा एक्सपो) आयोजित करने का विचार है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ङ) क्या देश ने उक्त अवधि के दौरान किसी अंतर्राष्ट्रीय भेषज प्रदर्शनी (फार्मा एक्सपो) में भाग लिया है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
रसायन एवं उर्वरक मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (च) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

फार्मा एक्सपो के संबंध में श्री श्रीधर कोटागिरी द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 02.02.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 16 (16वां स्थान) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): औषध विभाग फार्मा और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र को समग्र रूप से बढ़ावा देने हेतु नियामकों, नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के अग्रणी और संघों को एक साथ लाने के लिए एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में "इंडिया फार्मा एवं इंडिया मेडिकल डिवाइस" का आयोजन करता है। वर्ष 2021, 2022 और 2023 में हुए आयोजनों का विवरण इस प्रकार है:-

क्र.सं.	वर्ष	विषय	स्थान
1	2021	इंडिया फार्मा उद्योग: फ्यूचर इज नाऊ इंडिया मेडटेक फ्यूचर ग्लोबल सहभागिता के माध्यम से नवाचार एवं मेक इन इंडिया	दिल्ली
2	2022	विज़न 2047: भविष्य के लिए परिवर्तनकारी रोडमैप नवाचार और एकीकृत सेवाएँ के माध्यम से स्वास्थ्य परिचर्या में परिवर्तन लाना	दिल्ली
3	2023	इंडिया फार्मा उद्योग: डेलिवरिंग वैल्यू थ्रू इनोवेशन सस्टेनेबल मेडटेक 5.0 : स्केलिंग एंड इनोवेटिंग इंडियन मेडटेक	दिल्ली

(ङ) और (च): इस विभाग ने 27 जनवरी 2022 से 4 फरवरी, 2022 तक आयोजित 'वर्ल्ड एक्सपो दुबई' में भाग लिया।

*****